कृषि विभाग
बिहार सरकार

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) शेखपुरा।

अतिअल्पकालीन विज्ञापन

देसी योजना के कार्यान्वयन हेतु फैसिलिटेटर के रिक्त पद पर संविदा आधारित नियोजन

1 राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद के द्वारा संचालित देसी योजना अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी विषय पर उर्वरक विक्रेताओं को प्रशिक्षण देने के लिए जिला स्तर पर 01 रिक्त पद के लिए फैसिलिटेटर का संविदा आधारित नियोजन करने हेतु ऑफ–लाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

2 रिक्त पदों की संख्या, शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव, नियत मानदेय, आवदेन पत्र, नियोजन की प्रक्रिया तथा नियोजन की अन्य शर्ते आत्मा कार्यालय के बेबसाईट www.atmasheikhpura.com पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन को ऑफ–लाईन (स्वंय) एवं डाक के माध्यम से प्राप्त किया जायेगा।

3 फैसिलिटेटर पद के लिए मानदेय प्रति माह– 17000/– रूपये (कोर्स अवधि तक) एकमुश्त पारिश्रमिक के रूप में देय होगा इसके अतिरिक्त अन्य कोई राशि या भत्ता देय नहीं होगा।

4 आवेदन–पत्र विज्ञापन की तिथि दिनांक– 25.08.2023 से दिनांक– 15.09.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय में जमा किया जा सकता है तथा विशेष जानकारी आत्मा कार्यालय, शेखपुरा के कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

5 परियोजना निदेशक, आत्मा, शेखपुरा के पास त्रृटिपूर्ण एवं अधूरे आवेदनपत्रों को अस्वीकृत करने तथा किसी भी समय विशेष परिस्थिति में नियोजन रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

6 नियोजन से संबंधित सभी प्रकार के वादों का निपटारा शेखपुरा जिला (बिहार) अवस्थित माननीय न्यायालय में सम्पादित किया जायेगा।

7 आवेदन–पत्र भेजने का पता :– परियोजना निदेशक, आत्मा कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, द्वितीय तल, वी0आई0पी0 रोड शेखपुरा (बिहार) पिन कोड– 811105

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा, शेखपुरा।